संख्या-686/63व0उ0-2010-1(एच)/09

प्रेषक,

एस0आर0 यादव
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग
उ0प्र0,कानपुर।

हथकरघा वस्त्रोद्योग अनुभाग — लखनऊ दिनॉक 30 अप्रैल 2010

विषयः- हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय के अन्तर्गत चलने वाली आयोजनेतर पक्ष की कर्मचारी मूलक योजनाओं हेतु वर्ष 2010-11 में वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय के अन्तर्गत आयोजनेतर पक्ष में कर्मचारी मूलक योजनाओं के लिये वर्ष 2010-11 के आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि रू0 12,94,02,000.00 (रूपये बारह करोड़, चौरान्नबे लाख, दो हजार मात्र) की धनराशि को संलग्नक में उल्लिखित मदों के अनुसार आपके निस्तारण पर रखते हुए व्यय करने की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय प्रदान करतें हैं।

2- उक्त व्यय वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी-1-951/दस-2010-231/2010 दिनॉक 26 मार्च 2010 में निहित निर्देशों को ध्यान में रखते हुए किये जायेंगे।

3- उक्त व्यय अनुदान संख्या-6 के लेखाशीर्षक-2851 ग्राम तथा लघु उद्योग-001- निदेशन तथा प्रशासन (आयोजनेतर)-03-अधिष्ठान व्यय-हथकरघा निदेशालय के नामें डाला जायेगा तथा जिन मामलो में वित्तीय नियम संग्रहों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर लें जाय।

4- यह आदेश पत्रावली संख्या-1(एच)/09 में वित्त विभाग द्वारा दी गई सहमति से निर्गत किये जा रहें हैं।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय

(एस0आर0यादव)
अनु सचिव।

संख्या-686(1)/63-व0उ0-2010-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2 वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
3- वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-6/ वित्त(बजट) अनुभाग-1,उ0प्र0 शासन।
4- गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से

(एस0आर0यादव)
अनु सचिव।

आयोजनेतर मद (धनराशि हजार रूपये में)

मद का नाम	प्राविधान
1	2
01-वेतन	86106.00
02-मजदूरी	30.00
03-मंहगाई भत्ता	28415.00
04-यात्रा व्यय	750.00
05-स्थानान्तरण यात्रा व्यय	250.00
06-अन्य भत्ते	8610.00
07-मानदेय	50.00
08-कार्यालय व्यय	600.00
09-विद्युत देय	300.00
10-जलकर/जल प्रभार	05.00
11-लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	250.00
12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	100.00
13-टेलीफोन पर व्यय	350.00
15-गाड़ियों का अनुरक्षण और पेट्रोल आदि की खरीद	750.00
16-व्यावसायिक तथा विशेष सेवाओं के लिए भुगतान	100.00
17-किराया, उप शुल्क और कर स्वामित्व	251.00
19-विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय	225.00
26-मशीने और सज्जा/ उपकरण और सयंत्र	200.00
29-अनुरक्षण	100.00
42-अन्य व्यय	20.00
44-प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	100.00
45-अवकाश यात्रा व्यय	80.00
46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्ट वेयर का क्रय	200.00
47-कम्प्यूटर अनुरक्षण / तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय	300.00
49-चिकित्सा व्यय	1200.00
51-वर्दी व्यय	60.00
योगः-	12,94,02.00

(रूपये बारह करोड़, चौरान्नबे लाख, दो हजार मात्र)

(एस0आर0यादव)
अनु सचिव